# सरकार ने मानी बिना अनुमति पेड़ों को काटने की गलती

**जबलपुर 26 नवम्बर.** भोजपुर-बैरसिया रोड निर्माण के लिए बिना अनुमति पेड़ों के काटने तथा प्रत्यारोपण की गलती सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में स्वीकार की गयी। सरकार की तरफ से हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को बताया गया कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदेश में ट्री अधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी।

युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद सरकार को निर्देशित किया है कि एनजीटी के निर्देश पर गठित 9 सदस्यीय कमेटी की बिना अनुमति के बिना एक भी पेड़ नहीं काटा जाये। इसके अलावा कितने पेड़ काटे गये हैं और कितने का प्रत्यारोपण किया गया है, इस संबंध में जानकारी पेश करें। काटे गये पेड़ों के एवज में कितने गुना पेड लगाये जायेंगे, इस संबंध में भी जानकारी पेश करें। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने भोपाल के समीप भोजपुर-

**▸ हाईकोर्ट को बताया कि नियुक्त होंगे ट्री अधिकारी**

बैरसिया रोड निर्माण के लिए 488 पेड़ काटे जाने के संबंध में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये थे। खबर में कहा गया था कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोनिवि रायसेन ने बिना अनुमति पेडो को काट दिया है। नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है। किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित 9 सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। सरकार की तरफ से पेश जवाब में बताया गया था कि कलेक्टर द्वारा 448 पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई थी। जिन पेड़ों को स्थानांतरित नहीं किया जा सका, उनसे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा 253 पेड़ों का प्रत्यारोपण किया गया है। पिछली सुनवाई के दौरान हस्ताक्षेपकर्ता भोपाल निवासी नितिन सक्सेना ने की तरफ से बताया गया कि भोपाल में कुछ रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए 244 पेड़ काटने की मांग की गई है। शिफ्टिंग की आड़ में पेड़ों को काटने का एक नया तरीका अपनाया गया है। खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा है कि पेड़ों को काटने की परमिशन लेना मुश्किल है और इसलिए पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का एक प्रपोजल है । जिसके लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं है।

### 30 लाख के फर्जी भुगतान पर वन अधिकारियों पर एफआईआर

**जबलपुर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर ने 30 लाख के फर्जी भुगतान मामले में वन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। फर्जी भुगतान वनपाल के पुत्र की कम्पनी को किए गए थे। वनपाल के उसी पुत्र के नाम मजदूरी का भी फर्जी भुगतान किया गया। ईओडब्ल्यू जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अनादि बुधोलिया उप वन मंडलाधिकारी परासिया, छिन्दवाड़ा, कीर्ति बाला गुप्ता परिक्षेत्र अधिकारी, सांवरी रेंज, छिन्दवाड़ा, हीरालाल सनोडिया वन परिक्षेत्र अधिकारी सांवरी रेंज छिन्दवाड़ा, बनपाल चेतराम चौबे के पुत्र सुशील चौबे ने आपसी साठगांठ कर कैम्पा योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों में फॉरेस्टर चेतराम के पुत्र सुशील चौबे को फर्जी मजदा बताकर और इसी फर्जी मजदूर सुशील चौबे की फर्म अवनी कंस्ट्रक्शन के खातों में निर्माण कार्य एवं बाउण्ड्रीवाल आदि निर्माण कार्यों की स्वीकृत राशि का आहरण कर फर्जी भुगतान किया एवं एक ही कार्य के लिये एक ही मजदूर को एक ही 2 बार भुगतान किया। अनाधि बुधोलिया अपने सेवाकाल के 19 वर्षों में से 17 वर्ष एक ही वन मण्डल में पदस्थ रहा है। शिकायत की जांच पर पाया गया कि वन पाल के पुत्र सुशील चौबे को वन विभाग द्वारा 2, 71, 379 रुपये की मजदूरी का फर्जी भुगतान किया गया.



# सिंगरौली में संतोष वर्मा के बयान का विरोध तेज

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 26 नवम्बर। भोपाल में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए कथित विवादित बयान का विरोध अब सिंगरौली तक पहुंच गया है।**

**▸ घरना देकर की एफआईआर की मांग**

**आज दिन बुधवार को सर्व ब्राह्मण समाज सहित अन्य कई संगठनों ने बै?न कोतवाली पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में धरना देते हुए संतोष वर्मा के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई।**

ब्राह्मण समाज की कार्यकारी अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि वर्मा का बयान अत्यंत निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियों को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिंगरौली में सर्व समाज एकजुट है। जब तक इस मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं होती, हमारा विरोध जारी रहेगा। श्री द्विवेदी ने कहा। इस विरोध में करणी सेना समेत अन्य सामाजिक संगठन भी शामिल हो गए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष बबलू सिंह ने कहा कि आईएएस अधिकारी होने के बावजूद संतोष वर्मा ने समाज विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने चेतावनी दी कि एफआईआर दर्ज किए बिना धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। इसी तरह साहू समाज के प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शन में शामिल होकर क? शब्दों में इस बयान की निंदा की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे अधिकारी को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए, जो समाज का विभाजन कर आपत्तिजनक बयान देते हों। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न समुदायों के युवा, महिला और वरिष्ठजन मौजूद रहे। थाना परिसर में नारेबाजी और विरोध के कारण कुछ देर के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लिए संतोष वर्मा पर प्रकरण दर्ज करे, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# ओंकारेश्वर में होंगे करोड़ों के निर्माण कार्य

## लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने किया विकास योजनाओं का शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज**
**ओंकारेश्वर 26 नवम्बर. लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को ओंकारेश्वर में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में मांधाता विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। यह पूरा कार्यक्रम जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह ने 18.81 करोड़ रुपये की लागत से बर्फानी आश्रम तक पहुंच मार्ग और तीन छोटे पुलों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 8.49 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले सर्किट हाउस निर्माण कार्य का भी शुभारम्भ किया। ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर फ्लोटिंग जेट्टी सिस्टम, गोमुख घाट, बाणगंगा घाट और ब्रह्मपुरी घाट पर 49.74 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले कार्यों का उद्घाटन भी किया गया।

### तेज गति से होगा कार्य

अपने संबोधन में मंत्री सिंह ने कहा कि सडक़् आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला हैं. अच्छी सडक़् होने से किसान अपनी फसल आसानी से बाजार ले जा सकते हैं, मरीज अस्पताल पहुँच सकते हैं और विद्यार्थी अपने स्कूल-कॉलेज तक सुगमता से आ-जा सकते हैं. उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद अब सडक़ निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाएगा. सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर क्षेत्र में अनेक कार्य एक साथ शुरू किए गए हैं.



# श्याम के आगमन पर उमड़ा सैलाब

**शाजापुर, 26 नवंबर.** शाजापुर जिले की भाजपा की राजनीति में अचानक सुनामी आ गई. युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्याम टेलर सीधे प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनोनीत किए गए. उनके इस मनोनयन पर नगर और जिला भाजपा और युवा कार्यकर्ताओं ने उनके प्रथम नगर आगमन पर जबरदस्त स्वागत किया. जगह-जगह नगर भाजपा के पदाधिकारी और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्वागत मंच तैयार किए. भोपाल से कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया और रास्ते में जितने भी गांव-कस्बे आए, वहां प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत किया गया.

## एक नजर में



### यह मेडिकल कॉलेज हमारे सपनों का केंद्र है

**सिंगरौली.** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे मेडिकल कॉलेज का पूर्व विधायक रामलल्लू बैस ने आज दिन बुधवार को निरीक्षण किया। कॉलेज परिसर में पहुंचते ही छात्रों और शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। श्री बैस ने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और प्रमुख विभागों का विस्तृत अवलोकन किया और निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक ने अध्ययनरत छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, प्रायोगिक प्रशिक्षण और शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे अकादमिक कार्यों की जानकारी ली। छात्रों ने उन्हें बताया कि कॉलेज में समय पर कक्षाएं संचालित हो रही हैं। छात्रों का मनोबल ब?ते हुए रामलल्लू बैस ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज हमारे सपनों का केंद्र है।

### हवेली रेस्टोरेंट सहित चार प्रतिष्ठानों पर अर्थदंड

**मऊगंज.** कलेक्टर मऊगंज संजय जैन के निर्देशन में जिले में लगातार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में मऊगंज जिला अंतर्गत हनुमना स्थित हवेली रेस्टोरेंट से गत दिनों अरहर दाल एवं पनीर, नारायण किराना सीधी रोड हनुमान से नमकीन एवं अन्य खाद्य पदार्थ, लालजी मिष्ठान भंडार से खोवा बर्फी एवं अन्य खाद्य पदार्थ, संतोष मिष्ठान भंडार से खोवा बर्फी एवं अन्य खाद्य पदार्थ के नमूने लिए गए थे. नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था जिसमें खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम का उल्लंघन पाया गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार तिवारी द्वारा न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया. अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मऊगंज द्वारा निर्णय पारित करते हुए हवेली रेस्टोरेंट मालिक एवं प्रभारी पर पचास-पचास हजार रुपए का अर्थ दंड रोपित किया गया. नारायण किराना स्टोर प्रोपराइटर पर 50000 रुपए, लालजी मिष्ठान भंडार प्रोपराइटर पर 50000 रुपए एवं संतोष मिष्ठान भंडार प्रोपराइटर पर 50000 रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया.

### 20 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**मंदसौर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत मंदसौर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक कंटेनर से 120 पेटी अवैध अंग्रेजी ब्रांडेड शराब जप्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपये तथा प्रयुक्त कंटेनर वाहन की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद मीणा के निर्देश, एएसपी टी.एस. बघेल तथा एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना नाहरगढ़ प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी की टीम ने यह कार्रवाई की। दिनांक 26 नवंबर को मुखबिर सूचना पर बसईङ्कडिगांव रोड स्थित झलारा फंटे पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान गुजरात नंबर के कंटेनर ल्छ्व 01 ब्क्क 5250 को रोककर तलाशी ली गई। चालक भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। कंटेनर में लोहे के पलंग की फर्जी बिल्टी की आड़ में 120 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिनके कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक वरुण तिवारी सहित उनि साजिद मंशुरी, प्रआर राकेश शर्मा, आरक्षक महेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, मनीष दास, चालक लियाकत मेव एवं साइबर सेल मंदसौर की भूमिका सराहनीय रही।

### कमिश्नर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**रीवा.** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है. कमिश्नर बीएस जामोद ने रीवा विधानसभा क्षेत्र तथा मनगवां विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का जायजा लिया. कमिश्नर ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 81, 82, 83 और 84 नेहरू नगर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 99 एवं 100 समान का निरीक्षण किया. कमिश्नर ने मनगवां में मतदान केन्द्र क्रमांक 224 बेलवा पैकान तथा मनगवां

# चोरी के लिए छत से घर में पहुंचा, महिला के उठने पर की हत्या

**70 वर्षीय महिला की हत्या एवं लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा**

**नव भारत न्यूज**
**रतलाम।** दो दिन पूर्व मीरा कुटी में रिटायर्ड शिक्षिक की हत्या कर लूट करने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। आरोपी ने चोरी के लिए छत से घर में प्रवेश किया और महिला उठी तो उसका गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने दो महिला सहित तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद किया।

एसपी अमित कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि घटना की गंभीरता के दृष्टिगत एएसपी (शहर) राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर भौतिक व वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्रित किया। घटना स्थल से मृतिका का मोबाइल, सोने चांदी के जेवर सहित समान भी गायब होने की पुष्टी हुई। मृतिका के घर में एक नौकरानी लीला डामर काम करने आती थी। महिला के भाई, बहन सहित अन्य परिजनों के बयान व घटना स्थल से मिले साक्ष्यों, सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जांच प्रारंभ की गई। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की गहनता से चेकिंग करने पर दिखे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान सागर पिता महेश मीणा उम्र 38 वर्ष निवासी बिरलाग्राम उज्जैन हाल मुकाम ग्राम खवासा थाना थांदला जिला झाबुआ के रूप में हुई। टीम बनाकर संदिग्ध की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया।

मुखबिर द्वारा आरोपी के रावटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीसिंग रोड मलवासी के जंगल में छुपे होने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी सागर से पूछताछ करने पर उसने महिला की हत्या कर लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से मृतिका के घर से लूटे गहने और मोबाइल फोन बरामद किया।

आरोपी सागर पिता महेश मीणा मूलतः उज्जैन जिले के बिरलाग्रम का निवासी है। जो कि पिछले 3 वर्षों से ग्राम खवासा जिला झाबुआ में किराए के मकान में रहने के दौरान वह मृतिका की नौकरानी लीला डामोर की पुत्री मोना डामर के संपर्क में आया था। लीला एवं मोना द्वारा आरोपी को मृतिका के बारे में जानकारी दी गई थी। आरोपी शातिर अपराधी है जिस पर पूर्व में भी चोरी के अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी 3-4 दिन से घटना को अंजाम देने की फिराक में था। 23-24 नवंबर दरमियान रात्रि में आरोपी महिला के घर में चोरी के इरादे से ऊपर छत के रस्ते से घुसा। महिला द्वारा रात्रि में जब बाथरूम गई थी उसी दौरान महिला पर चाकू से हमला कर गला रेत कर हत्या कर दी। जिसके बाद मोबाइल, ज्वेलरी एवं नगद रुपए बटोरकर फरार हो गया।



### आरोपी ने पिस्टल छीन भागने का किया प्रयास, गिरफ्तार

आरोपी को गिरफ्तार कर हथकड़ी लगाने के दौरान शातिर आरोपी सागर द्वारा उनि अनुराग यादव से पिस्टल छुड़ाकर पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगा। पुलिस टीम से निरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी द्वारा पुलिस टीम की सुरक्षा के दृष्टिगत आरोपी सागर के पैर में गोली मारी जिससे आरोपी सागर नीचे गिरा जिसे पुलिस टीम द्वारा काबू में लेकर पिस्टल छुड़ाई गई। इस दौरान झूमझटकी में उनि अनुराग यादव घायल हुए। घायल उप निरीक्षक अनुराग यादव एवं शातिर आरोपी सागर मीणा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# एमपी ट्रांसको का प्रोटेक्शन सेल सौ प्रतिशत डिजिटल

**रीवा 26 नवम्बर.** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के केंद्रीयकृत प्रोटेक्शन सेल ने अब पूरी तरह डिजिटल स्वरूप ले लिया है। विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में 42 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी ट्रांसमिशन लाइनों तथा 417 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के 1000 से अधिक पावर ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला यह प्रोटेक्शन सेल अब पूर्णतः डिजिटली संचालित हो रहा है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एम.पी. ट्रांसको को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे प्रदेश में ट्रांसमिशन सुरक्षा और आधुनिकीकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए यह डिजिटल प्रगति इस अंचल को और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय विद्युत व्यवस्था प्रदान करेगी।


**मोबाइल और गूगल शीट से हो रहा त्वरित डेटा संचालन**

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि प्रोटेक्शन सेल के डिजिटल होने के बाद प्रदेश का संपूर्ण फाल्ट डेटा, इवेंट रिपोर्ट, डिस्टर्बेंस रिकॉर्ड और एनालिटिकल रिपोर्ट अब मोबाइल, ईमेल और गूगल शीट के माध्यम से तुरंत उपलब्ध हो जाती है।

# खड़े ट्रक से टकराई 108 एम्बुलेंस, तीन घायल

**मंडला 26 नवम्बर.** मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मोइया नाला के पास एक खड़े ट्रक से टकराने के बाद एम्बुलेंस में सवार चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायलों की पहचान प्रियंका तेकाम (22), देवेंद्र सिंह (35) और संदीप डेहरिया (26) के रूप में की गई है।

जानकारी अनुसार यह घटना मंगलवार रात लगभग 10-30 बजे ग्राम मोइयानाला में हुई। 108 एम्बुलेंस एक मरीज को लेने के लिए बीजाडांडी सीएचसी से मोइयानाला जा रही थी। सड़क किनारे खड़े ट्रक से एम्बुलेंस पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस का सामने का पूरा हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



### पायलट को मशक्कत के बाद निकाला गया

स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर की भीषणता को देखकर यह कहना मुश्किल था कि एम्बुलेंस सवार बच पाएंगे, लेकिन वे बाल-बाल बच गए, हालांकि गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे के बाद एम्बुलेंस का पायलट (चालक) बुरी तरह से वाहन में फंस गया था। स्थानीय लोगों और बचाव दल की काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका और घायलों को अस्पताल भेजा गया।

**निरीक्षण** | **कलेक्टर ने मेडिकल व माईनिंग कॉलेज का किया भ्रमण, छात्रों से किए संवाद**

# माईनिंग निर्माण में अनियमितता हुई तो बख्शेंगे नहीं : गौरव

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 26 नवम्बर।** जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भ्रमण कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा किया जाकर मेडिकल कॉलेज के छात्रो से संवाद किया।

कलेक्टर ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण नीव हैं, उन्होंने कहा कि नीव अगर सही रहेगी तभी भविष्य में विकास संभव है। इसलिए आप सब पूरे मनोयोग से प?ाई करें। मेडिकल कॉलेज में जो भी कमिया हैं, उन्हें शीघ्र ही दूर कराया जायेगा। साथ ही मेडिकल कॉलेज से संबंधित अन्य विकास कार्यो को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जायेगा। कलेक्टर ने ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि चिकित्सा महाविद्यालय तक पहुंच मार्ग सहित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर डीन सहित कॉलेज के प्राध्यापको से परिचय प्राप्त किया एवं कॉलेज की व्यवस्थाओं तथा महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की तथा कॉलेज में निर्मित किए गये कक्षो का अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि कॉलेज व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए जिन भी सामग्रियों की आवश्यकता है।



कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा आज दिन बुधवार को तियरा में निर्माणाधीन माईनिंग कॉलेज का निरीक्षण किया एवं चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन एकेडमी बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, छात्रावास सहित पुस्तकालय का अवलोकन कर भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुये संबंधित संविदाकार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाये, ताकि गुणवत्ता के साथ कॉलेज का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अनियमितता हुई तो बख्सा नही जाएगा। कलेक्टर ने छात्रो के मेस का निरीक्षण कर छात्रो के दिए जाने वाले नास्ता-भोजन की सामग्रियों का अवलोकन किया तथा निर्देशित किया कि छात्रो को उनकी डाईट प्लान के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन एवं नास्ता उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 605 बेड क्षमता वाले चिकित्सालय निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया.